**प्रेसविज्ञप्ति** **06.05.2024**

## 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही / वर्ष के वित्तीय परिणाम

बैंक का वैश्विक कारोबार **रुपए 12.22 लाख करोड़** हुआ, वर्ष-दर-वर्ष **12%** की वृद्धि हुई

### मुख्य बिन्दु (मार्च 2023 के सापेक्ष मार्च 2024 को समाप्त तिमाही)

- मार्च 2023 में **रु. 1447 करोड़** के सापेक्ष मार्च 2024 में**, निवल लाभ 55%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **रु. 2247 करोड़** रहा।
- मार्च 2023 में **रु. 1452 करोड़** के **कर से पूर्व लाभ** के सापेक्ष मार्च 2024 में यह वर्ष दर वर्ष **111%** बढ़कर **रु. 3057 करोड़** रहा।
- मार्च 2023 में **रु. 4016 करोड़** के सापेक्ष मार्च 2024 में**, परिचालन लाभ** वर्ष-दर-वर्ष **7%** बढ़कर **रु. 4305 करोड़** रहा।
- मार्च 2023 में **रु. 5508 करोड़** के सापेक्ष मार्च 2024 में, **निवल ब्याज आय 9%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर **रु. 6015 करोड़** रही।
- मार्च 2023 में **रु. 914 करोड़** के सापेक्ष **फीस आधारित आय 6%** वर्ष-दर-वर्ष बढ़कर मार्च 2024 में **रु. 970 करोड़** हो गई।
- **आस्तियों पर प्रतिलाभ (RoA)** मार्च 2023 में **0.82%** के सापेक्ष मार्च 2024 में **33 बीपीएस** बढ़कर **1.15%** हो गया।
- **इक्विटी पर प्रतिलाभ (RoE)** मार्च 2023 में **15.48%** के सापेक्ष मार्च 2024 में **358 बीपीएस** बढ़कर **19.06%** हो गया।
- मार्च 2023 में **8.17%** के **अग्रिम पर प्रतिफल (YOA)** के सापेक्ष मार्च 2024 में यह **64 बीपीएस** बढ़कर **8.81%** रहा।
- मार्च 2023 में **6.62%** के **निवेश पर प्रतिफल (YOI)** के सापेक्ष मार्च 2024 में यह **26 बीपीएस** बढ़कर **6.88%** रहा।

- मार्च 2023 के **रु. 473586 करोड़** के सापेक्ष **सकल अग्रिम** मार्च 2024 में वर्ष-दर-वर्ष **13%** बढ़कर **रु. 533773 करोड़** रहे।
- मार्च 2023 में **रु. 272679 करोड़** के सापेक्ष मार्च 2024 में **रैम** (खुदरा, कृषि एवं एमएसएमई) वर्ष-दर-वर्ष **14%** बढ़कर **रु. 309918 करोड़** हो गया।
- **सकल घरेलू अग्रिमों** में **रैम** (**RAM**) क्षेत्र का योगदान **62.21%** है। **खुदरा**, **कृषि एवं एमएसएमई अग्रिमों** में क्रमशः **15%**, **19%** व **6%** वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि हुई। **आवास ऋण (बंधक सहित**), **ऑटो ऋण** और **वैयक्तिक ऋण** में वर्ष-दर-वर्ष क्रमशः **11%, 49%** और **10%** वृद्धि हुई।
- मार्च 2024 में **प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र का पोर्टफोलियो रु. 178527 करोड़** रहा। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों का प्रतिशत एएनबीसी की **40%** की विनियामक आवश्यकता के सापेक्ष **43.82%** है।
- मार्च 2024 में **कुल जमाएं** वर्ष दर वर्ष **11%** बढ़ गई एवं **रु. 688000** पहुँच गई। **कासा जमाओं**, **बचत जमाओं** एवं **चालू जमाओं** में क्रमश: **8%**, **7% एवं 9%** वर्ष दर वर्ष वृद्धि हुई।
- **31 मार्च 2024** को **घरेलू कासा अनुपात 42.31%** रहा।
- **31 मार्च 2024** को **सीडी अनुपात 77.58%** रहा।



आपका अपना बैंक, हर कदम आपके साथ
Your own Bank, Always with you

- **सकल गैर निष्पादक आस्तियों** में वर्ष-दर-वर्ष **200 बीपीएस** की कमी आने से मार्च 2024 में यह **5.95%** के सापेक्ष **3.95%** रही**, निवल गैर निष्पादक आस्तियों** में वर्ष-दर-वर्ष **47 बीपीएस** की कमी आने से यह **0.90%** के सापेक्ष **0.43%** रही।
- **प्रावधान कवरेज अनुपात (पीसीआर**, **टीडबल्यूओ सहित)** में वर्ष-दर-वर्ष **252 बीपीएस** की वृद्धि होने से यह मार्च 2023 में **93.82%** के सापेक्ष मार्च 2024 में **96.34%** रहा।
- **मार्च 2023 में 2.43%** के सापेक्ष **स्लिपेज अनुपात** में वर्ष-दर-वर्ष **132 बीपीएस** की वृद्धि होने से यह मार्च 2024 में **1.11%** रहा।
- **पूंजी पर्याप्तता अनुपात 16.44%** रहा। सीईटी–I में वर्ष-दर-वर्ष **63 बीपीएस** की वृद्धि से यह **13.52%** रहा। **टियर I पूंजी** में वर्ष-दर-वर्ष **55 बीपीएस** की वृद्धि से यह **14.03%** रही।

## मुख्य बिन्दु (दिसंबर 2023 के सापेक्ष मार्च 2024 को समाप्त तिमाही)

- दिसंबर 2023 में **रु. 2119 करोड़** के सापेक्ष मार्च 2024 में **निवल लाभ 6%** तिमाही-दर-तिमाही बढ़कर **रु. 2247 करोड़** हो गया।
- दिसंबर 2023 में **रु. 4097 करोड़** के सापेक्ष मार्च 2024 में **परिचालन लाभ 5%** तिमाही-दर-तिमाही बढ़कर **रु. 4305 करोड़** हो गया।
- दिसंबर 2023 में **रु. 5815 करोड़** के सापेक्ष मार्च 2024 में **निवल ब्याज आय** बढ़कर **रु. 6015 करोड़** हो गयी।
- दिसंबर 2023 में **1.11%** के सापेक्ष मार्च 2024 में **आस्तियों पर प्रतिलाभ (ROA)** तिमाही-दर-तिमाही बढ़कर **1.15%** रहा।
- दिसंबर 2023 में **8.78%** के **अग्रिम पर प्रतिफल (YOA)** के सापेक्ष मार्च 2024 में यह बढ़कर **8.81%** हो गया, दिसंबर 2023 में **6.80%** के **निवेश पर प्रतिफल (YOI)** के सापेक्ष मार्च 2024 में यह बढ़कर **6.88%** हो गया।
- दिसंबर 2023 में **3.49%** के सापेक्ष मार्च 2024 में **घरेलू निवल ब्याज मार्जिन** बढ़कर **3.52%** रहा।

**निदेशक मण्डल ने मार्च 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए प्रति इक्विटी शेयर पर रु. 12 की दर से 120% लाभांश की अनुशंसा की है जोकि अपेक्षित अनुमोदन के अधीन है।**

## मुख्य बिन्दु (मार्च 2023 के सापेक्ष मार्च 2024 को समाप्त वर्ष)

- वित्त वर्ष 2023 में **रु. 5282 करोड़** के सापेक्ष **निवल लाभ** वित्त वर्ष 2024 में वर्ष-दर-वर्ष **53%** तक बढ़कर **रु. 8063 करोड़** रहा।
- वित्त वर्ष 2023 में **रु. 5915 करोड़** के सापेक्ष **कर से पूर्व लाभ** वित्त वर्ष 2024 में वर्ष-दर-वर्ष **85%** तक बढ़कर **रु. 10951 करोड़** रहा।
- वित्त वर्ष 2023 में **रु. 15271 करोड़** के सापेक्ष **परिचालन लाभ 10%** बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में **रु. 16840 करोड़** हो गया।
- वित्त वर्ष 2023 में **रु. 20225 करोड़** के सापेक्ष **निवल ब्याज आय 15%** बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में **रु. 23274 करोड़** हो गई।
- वित्त वर्ष 2023 में **0.77%** के सापेक्ष **आस्तियों पर प्रतिलाभ (RoA)** वित्त वर्ष 2024 में **30 बीपीएस** बढ़कर **1.07%** हो गया।


आपका अपना बैंक, हर कदम आपके साथ
Your own Bank, Always with you

- वित्त वर्ष 2023 में **14.73%** के सापेक्ष **इक्विटी पर प्रतिलाभ (RoE)** वित्त वर्ष 2024 में **451 बीपीएस** बढ़कर **19.24%** हो गया।
- वित्त वर्ष 2023 में **3.41%** के सापेक्ष **घरेलू निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम)** वर्ष-दर-वर्ष **13 बीपीएस** बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में **3.54%** रहा।
- वित्त वर्ष 2023 में **7.76%** के सापेक्ष **अग्रिम पर प्रतिफल (YOA)** वर्ष-दर-वर्ष **96 बीपीएस** बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में **8.72%** रहा।
- वित्त वर्ष 2023 में **6.45%** के सापेक्ष **निवेश पर प्रतिफल (YOI)** वर्ष-दर-वर्ष **35 बीपीएस** बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में **6.80%** रहा।
- वित्त वर्ष 2024 में **लागत आय अनुपात 45.92%** रहा।

**नेटवर्क** :

- बैंक की **5847** घरेलू शाखाएँ (इनमें 3 डीबीयू भी शामिल हैं) हैं जिनमें से **1985** ग्रामीण, **1530** अर्ध-शहरी, **1174** शहरी एवं **1158** मेट्रो शाखाएँ हैं। बैंक की **3** ओवरसीज़ शाखाएँ और **1** आईबीयू हैं ।
- बैंक के **4937** एटीएम व बीएनए हैं एवं **11297** बीसी हैं।

**डिजिटल बैंकिंग:**

- बैंक के डिजिटल माध्यमों से किये जाने वाले कारोबार ने **रु. 81,250 करोड़** का आंकड़ा पार किया। बैंक द्वारा अब तक **78** डिजिटल जर्नी, सुविधाएं एवं प्रक्रियाएँ शुरू की जा चुकी हैं।
- मोबाइल बैंकिंग उपयोगकर्ताओं में वर्ष दर वर्ष **45%** की वृद्धि हुई है और इनकी संख्या **1.67 करोड़** तक पहुँच गई है।
- यूपीआई एवं नेट बैंकिंग उपयोगकर्ताओं में, वर्ष दर वर्ष प्रत्येक **37%** की वृद्धि हुई है और इनकी संख्या क्रमश: **1.75 करोड़** एवं **1.06 करोड़** तक पहुँच चुकी है।
- ऑन-बोर्ड किए गए यूपीआई क्यूआर मर्चेन्ट की संख्या वर्ष दर वर्ष **43%** बढ़कर एवं पीओएस की संख्या वर्ष दर वर्ष **58%** बढ़कर, कुल **21,580** हो गई है।

**पुरस्कार एवं प्रशस्तियां:**

- बैंक को वर्ष 2023-24 के लिए मार्क्समेन डेली द्वारा बीएसएफआई क्षेत्र में मोस्ट प्रेफर्ड वर्कप्लेस घोषित किया गया।
- एमडी एवं सीईओ और कार्यपालक निदेशकों के लिए किए गए कैम्पेन के तहत एकजेम्पलेरी अवार्ड ऑफ पार एक्सीलेंस एपीवाई लीडरशिप पिनेकल में हमारा बैंक सभी पीएसबी में शीर्ष स्थान पर रहा।
- बैंक को वर्ष 2023 में दलाल स्ट्रीट इन्वेस्टमेंट जर्नल (DSIJ) द्वारा फास्टेस्ट ग्रोइंग पब्लिक सैक्टर बैंक के अवार्ड से नवाजा गया।
- बैंक को प्रोजेक्ट "पैराडाइज़" में एडाप्शन ऑफ क्लाउड कम्प्यूटिंग फॉर एआईएक्स एनवायरनमेंट के लिए गवर्नेंस नाउ द्वारा बीएफएसआई अवार्ड फॉर यूस ऑफ एमर्जिंग टेक्नोलॉजी इन बैंकिंग इंडस्ट्री प्रदान किया गया।
- बैंक के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी को वर्ष 2023 के लिए सर्वश्रेष्ठ डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन लीडर, सीटीओ श्रेणी के तहत बीएफएसआई पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



आपका अपना बैंक, हर कदम आपके साथ
Your own Bank, Always with you

- आईबीए के 19वें वार्षिक बैंकिंग प्रौद्योगिकी सम्मेलन, एक्स्पो एवं साइटेशंस के दौरान हमारे बैंक ने 'बेस्ट टेक्नोलोजी बैंक-स्पेशल मेंशन' पुरस्कार प्राप्त किया।

**हमारा फोकस**

- हमारा फोकस कुशल कर्मचारियों और प्रौद्योगिकी का स्मार्ट प्रयोग करके ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करना और उन्हें उपयुक्त सेवाएं प्रदान करना है। हमारा लक्ष्य अत्याधुनिक तकनीक और वैयक्तिकृत सेवाओं का संयोजन करके बैंकिंग को सरल बनाना है, जिससे इसे सभी के लिए अधिक सुलभ, सुविधाजनक और सुरक्षित बनाया जा सके।
- बैंक ने ग्राहकों को सहज और सुविधाजनक बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए डिजिटल उत्पादों की एक श्रृंखला लॉन्च की है। कोई भी व्यक्ति अब एक क्लिक करके ऋण के लिए आवेदन कर सकता है जैसे एग्री ज्वेल, शिशु मुद्रा, वैयक्तिक, एमएसएमई नवीकरण और केसीसी नवीकरण ऋण, सावधि जमा और बचत खाता खोलना आदि। बैंक ने प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट्स और सरकारी विभागों के लिए अनुकूलित सेवा सुनिश्चित करने तथा कम लागत वाली जमा राशि जुटाने के लिए, भारत के प्रमुख शहरों में देयता वर्टिकल स्थापित किए हैं।
- हमारा लक्ष्य प्रौद्योगिकी का उपयोग करके एक ही छत के नीचे वित्तीय उत्पादों की संपूर्ण श्रृंखला उपलब्ध कराकर, एक सकारात्मक बदलाव लाने वाला विश्वसनीय भागीदार बनना है और अपने ग्राहकों को लगातार विकसित हो रहे वित्तीय परिदृश्य में पनपने के लिए सक्षम बनाना है।


आपका अपना बैंक, हर कदम आपके साथ
Your own Bank. Always with you